# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

27 सितंबर 2024, शुक्रवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा हरियाणा के रेवाड़ी, अंबाला एवं कुरुक्षेत्र में आयोजित विशाल जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**मोदी जी के नेतृत्व में हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।**

*********************

**कांग्रेस की हुड्डा सरकार दो रूपये के मुआवजे वाली सरकार थी**

*********************

**भाजपा ने हरियाणा से कांग्रेस के डीलर, दामाद वाले कट, कमीशन और करप्शन के शासन को समाप्त कर भ्रष्टाचार का नामोनिशान मिटाने का काम किया**

*********************

**राहुल गांधी को MSP का फुल फॉर्म तो पता नहीं है, लेकिन उन्हें लगता है कि MSP बोल देने से वोट मिल जाएगा**

*********************

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अफवाह फैलाने के अलावा कोई काम नहीं है। वे झूठ की मशीन हैं।**

*********************

**राहुल गांधी अमेरिका में कहते हैं कि वे आरक्षण समाप्त कर देंगे। जब तक भाजपा है, कोई भी आरक्षण ख़त्म नहीं कर सकता।**

*********************

**सेना प्रमुख को अपशब्द कहने वाली कांग्रेस पार्टी ने हमेशा ही सेना का अपमान किया है।**

*********************

**हरियाणा की भाजपा सरकार एक-एक अग्निवीर को पेंशन वाली नौकरी देगी**

*********************

**कांग्रेस की किसी भी राज्य सरकार में 24 फसलों पर MSP नहीं मिलती थी जो हरियाणा में भाजपा सरकार देती है।**

*********************

**कांग्रेस की सरकार में केवल एक-दो जिलों का विकास होता था। भाजपा की सरकार में पूरे हरियाणा का विकास हुआ**

*********************

**हरियाणा में पहले के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार कर जेल में गए, लेकिन 10 वर्षों में भाजपा ने यहाँ पारदर्शिता लाने का काम किया**

*********************

**नायब सिंह सैनी जी जैसा एक ईमानदार युवा को मुख्यमंत्री बनाया, जो ईमानदारी के साथ आने वाले दशकों तक हरियाणा का नेतृत्व करने वाला है**

*********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शुक्रवार को हरियाणा में रेवाड़ी विधानसभा, मुलाना विधानसभा (अंबाला) और लाडवा विधानसभा (कुरुक्षेत्र) में आयोजित विशाल जन आशीर्वाद रैलियों को संबोधित किया और हरियाणा की जनता से विकास की गति को और तेज करने के लिए लगातार तीसरी बार भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार बनाने का आह्वान किया।

श्री शाह ने कहा कि हरियाणा की भूमि अध्यात्म और गीता की भूमि है। हरियाणा की शक्ति एवं समृद्धि की भूमि है। हरियाणा की मां अपने नौनिहालों को सेना में भेजती है और देश का हर दसवां जवान हरियाणा की भूमि से आता है। देश की सीमा सुरक्षित है, जम्मू एवं कश्मीर सुरक्षित है तो उसमें हरियाणा के रहने वाले जवानों की वीरता और शौर्य शामिल है। श्री शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा में बहुत सारे काम किए हैं, अगले पांच साल भी उन्हें ही हरियाणा के विकास के लिए काम करना है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हरियाणा से ही लोकसभा चुनाव प्रचार शुरू किया था। उस वक्त उन्होंने कहा था कि सेना के जवानों एवं परिवारों की वन रैंक वन पेंशन की जो लंबित मांग है उसे भारतीय जनता पार्टी पूरा करेगी। इंदिरा गांधी से लेकर सोनिया गांधी-मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार तक, 40 सालों तक कांग्रेस की सरकारों ने वन रैंक वन पेंशन की मांगें पूरी नहीं की। **हरियाणा के लोगों ने वर्ष 2014 मेंआदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाया और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2015 में वन रैंक वन पेंशन की मांग को लागू कर दिया। वन रैंक वन पेंशन का तीसरा संस्करण भी लागू कर दिया गया है।**

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी ने हमेशा भारतीय सेना का अपमान किया है। कांग्रेस ने देश के सेना अध्यक्ष को गुंडा कहा।** कांग्रेस ने भारतीय सेना का सम्मान नहीं किया और सेना के बारे भ्रांतियां फैलाई है। **कांग्रेस लोगों को गुमराह कर रही है कि अग्निवीर से जो बच्चे वापिस आएंगे, उन्हें ऐसे ही छोड़ दिया जाएगा।** भारतीय जनता पार्टी का वादा है कि हरियाणा के रहने वाले एक भी अग्निवीर पेंशन वाली नौकरी के बगैर नहीं रहेगा। **भारत सरकार और हरियाणा की भाजपा सरकार मिल कर राज्य के सभी अग्निवीरों को पक्की पेंशन वाली सरकारी नौकरी उपलब्ध कराएगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अफवाह फैलाने के अलावा कोई काम नहीं है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **हरियाणा की सरकार में पहले दो ही परिवारों का आवन-जावन होता था। कांग्रेस की सरकार में गुंडगर्दी बढ़ जाती थी तो दूसरी क्षेत्रीय पार्टी की सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ जाता था। कांग्रेस पार्टी का कोई मुख्यमंत्री बनता था तो वह जिस जिले का होता था, उसी जिले का विकास होता था, उसी क्षेत्र का विकास होता था। भाजपा की सरकार आयी तो पूरे हरियाणा की सरकार आयी और सभी क्षेत्र का विकास हुआ।** भाजपा ने हरियाणा में भ्रष्टाचार का नामोनिशान समाप्त कर दिया। **हरियाणा में पहले कांग्रेस की सरकार कट, कमीशन और करप्शन से चलती थी। कांग्रेस की सरकार में डीलर, दलालों एवं दमादों का राज चलता था। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में न डीलर बचे और ना ही दलाल बचे, दामाद की बात ही नहीं। भाजपा ने हरियाणा में भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का वादा निभाया।**

श्री शाह ने कहा कि **राहुल बाबा को किसी ने पकड़ा दिया है कि एमएसपी बोलने से वोट मिल जाएंगे, तो राहुल बाबा! क्या आपको एमएसपी का फुलफार्म मालूम है? खरीफ फसल और रब्बी फसल किसे कहते हैं, मालूम है क्या?** राहुल बाबा झूठ बोलने की मशीन हैं। **कांग्रेस और राहुल गांधी बताएं कि कांग्रेस शासित किस राज्य में 24 फसलों पर एमएसपी मिल रही है?** कांग्रेस पार्टी को झूठ बोलना बंद करना चाहिए। **हरियाणा में भाजपा की सरकार देश में सबसे ज्यादा 24 फसलों पर एमएसपी दे रही है।** किसानों को अपने खेत में जो बोना है वो बोये, उसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार खरीदेगी। **कांग्रेस की सरकार में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1310 रूप्ए था और भाजपा की सरकार में धान का एमएसपी 2,300 रुपये**

**हो गया। भारतीय जनता पार्टी का वादा है कि हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने के बाद धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये हो जाएगा।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हरियाणा बाजरे का प्रदेश है और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी बाजरे की एमएसपी 2625 रुपये कर दिया है। **कांग्रेस नेता भूपेंद्र हुड्डा की सरकार में हरियाणा में बाजारा की सरकारी खरीद नहीं होती थी। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार में भी बाजारा की सरकारी खरीद नहीं होती थी।** पहले की कांग्रेस की सरकार में गेहूं की एमसपी पहले 1400 रुपये थी और भाजपा की सरकार आने के बाद गेहूं की एमएसपी 2275 रुपये कर दी गई। पहले कांग्रेस की सरकार में सरसों की एमएसपी 3050 रुपये थी और भाजपा की सरकार ने उसे बढ़ाकर 5650 रुपये कर दी। **किसान भाईयों, राहुल बाबा के झूठ के फैक्टी में नहीं फंसना।**

श्री शाह ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि जब केंद्र में सोनिया-मनमोहन की सरकार थी तब केंद्र की कांग्रेस सरकार ने हरियाणा से धान, गेंहू और अन्य अनाज की एमएसपी पर कितनी खरीददारी हुई है, उसका हिसाब किताब लेकर आ जाइए, हमारी बहन डॉ वंदना उसका भाजपा सरकार का हिसाब किताब लेकर पहुंच जाएंगी और आपको हिसाब-किताब कर देगी। **कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है, इन दोनो राज्यों एमएसपी पर कितनी खरीददारी हुई है, उसका हिसाब लेकर आ जाइए।** जनता कांग्रेस की सरकार को दो रुपये मुआवजा वाली सरकार कहती थी, क्योंकि ज्यादा बारिश होने से फसल खराब होने पर दो-दो रुपये के चेक भेजे जाते थे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई तो किसानों को दिए जाने वाले मुआवाजा में कई गुणा की बढ़ोत्तरी की गई।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **राहुल बाबा जम्मू-कश्मीर में जाकर कह रहे हैं कि उनकी सरकार बनी तो धारा 370 को फिर से लागू करेंगे। राहुल बाबा! आप तो क्या, आपकी आने वाली तीसरी पीढ़ी भी धारा 370 को फिर से लागू नहीं कर सकती है। यह जम्मू-कश्मीर हमारा है, इसे कोई आंख उठाकर देख नहीं सकता है। राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर में कहते हैं कि पत्थरबाजों और आतंकवादियों को जेल से छोड़ देंगे।** क्या मजाक बनाकर रखा है? **40 सालों से 40 हजार लोगों मारे गए। भारतीय सेना के जवान शहीद हो गए। राहुल बाबा! आपमें हिम्मत है तो हरियाणा में आकर उसी बात को दोहरा दीजिए कि आतंकवादियों और पत्थरबाजों को छोड़ देंगे। राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर में एक भाषण देते हैं और हरियाणा में दूसरा भाषण देते हैं। राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन करके कहते हैं कि जम्मू-कश्मीर में तिरंगा नहीं दूसरा झंडा लगाएंगे। राहुल बाबा! अब वह जमाना गया, जम्मू-कश्मीर में फहरेगा, तो हमारा तिरंगा फहरेगा और कुछ नहीं फहरेगा।**

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी ने वोट बैंक की लालच में तुष्टिकरण की पराकाष्ठा कर दी है। कांग्रेस को अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनना भी पसंद नहीं है।** राहुल गांधी संसद में माखौल उड़ाते हैं कि अयोध्या के विचार को पराजित कर दिया। राहुल गांधी के चार पीढ़ियों ने राम लला को टेंट में रखा था। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर बनवाया। राहुल बाबा रेवाड़ी आए तो उनसे पूछना जरूर कि राहुल गांधी अयोध्या में श्रीराम मंदिर का विरोध क्यों कर रहे हैं?

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल बाबा हाल ही में विदेश गए थे। **जब उन्हें कुछ भी उलूल-जुलूल बोलना होता है तो विदेश में जाकर बोलते हैं।** उन्हें लगता है कि विदेश में बोलेंगे तो यहां कोई सुनेगा नहीं। **राहुल गांधी ने अमेरिका में अंग्रेजी में बोला कि वे एससी-एसटी और पिछड़ा वर्ग का आरक्षण समाप्त कर देंगे। राहुल गांधी आरोप लगाते थे कि भाजपा आरक्षण खत्म कर देगी। केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और भाजपा का वादा है कि संसद में जब तक भाजपा का एक भी सांसद है, तब तक कांग्रेस पार्टी एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग का आरक्षण समाप्त नहीं कर सकती है।**

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर का हमेशा अपमान किया।** उनको भारत रत्न नहीं मिलने दिया। उनका कोई स्मारक नहीं बनाया। भारतीय जनता पार्टी ने बाबा साहेब से जुड़े पंचतीर्थों का जीर्णोद्धार कराया। **हरियाणा में दस साल कांग्रेस की सरकार रही है, उस दौरान नॉट फाउंड फॉर सुटेबल का टैग लगाकर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नौकरियों से वंचित रखा जाता था।** भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़ा वर्ग के सभी जातियों को आरक्षण दिया और क्रीमी लेयर के मानक को बढ़ाया। **भाजपा की सरकार में जितने लोगों को नौकरियां मिली है उनको न खर्ची लगी है और ना ही पर्ची लगी है, युवाओं को पारदर्शिता से नौकरियां दी गयी। कांग्रेस के जमाने में दलाल और डीलर नियुक्ति पत्र देते थे और भारतीय जनता पार्टी में डाकिया नियुक्ति पत्र घर पर पहुंचाता है। कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा को बर्बाद किया है। कांग्रेस के कारण ही वीरों की भूमि हथिन से लेकर पलवल तक पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगते हैं।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बासमती चावल के निर्यात में हरियाणा देश में पहले स्थान पर पहुंचा।** हरियाणा में लाल डोरी के भीतर मालिकाना हक दिया गया। हर घर में गैस सिलिंडर पहुंचाया। हर घर में नल से पीने का पानी पहुंचाया। पढ़ी-लिखी पंचायत बनायी। महिलाओं को 50% आरक्षण दिया। देश में सबसे पहले आयुष विद्यालय हरियाणा में बना। रेवाड़ी में नए सुपर 100 के कैम्पस का शिलान्यास हुआ, रेवाड़ी में 1650 करोड़ रुपये का एम्स बनाया। रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, भिवानी, झज्जर, पलवल, फरीदाबाद आदि जिलों को एम्स का फायादा मिलेगा। पश्चिम डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के 360 किलोमीटर लंबे रेल खंड का ट्रायल शुरू हो चुका है। किशनगंज सहित छह क्रासिंग स्टेशन और फ्रेट सेक्शन लगेगा, जिससे उद्योग बढ़ेगा। 800 करोड़ रुपये की लागत से नेशनल हाईवे 71 दिल्ली-जयपुर को बनाया गया। हरियाणा में भाजपा सरकार बनने के बाद रेवाड़ी में सरसो तेल की सबसे बड़ी फैक्ट्री लगाएंगे।

श्री शाह ने भाजपा के संकल्प पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि **राव तुला राम से लेकर आजादी के लिए जितने लोग शहीद हुए हैं, भाजपा की सरकार आने पर उनके सम्मान में रेवाड़ी में संग्राहलय बनाया जाएगा।** हरियाणा में विश्वकर्मा महाविद्यालय बनाएंगे। भाजपा रेवाड़ी में नये मेडिकल कॉलेज की शुरुआत करेगी। हर गांव में महिला चौपाल बनाया जाएगा। दंगल के लिए अखाड़ा बनाया जाएगा। ओलंपिक खेल नर्सरी बनाया जाएगा। अत्याधुनिक 2500 की क्षमता वाला बड़ा सभागार बनायेंगे। लाडो लक्ष्मी योजना के तहत हर महिला को 2100 रुपये का चेक दिया जाएगा। आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर रेवाड़ी में औद्योगिक शहर बनाया जाएगा। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी आयुष्मान भारत योजना के तहत हर परिवार को 5 लाख रुपये तक की मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने के बाद 5 लाख रुपये की जगह 10 लाख रुपये तक का इलाज फ्री हो जाएगा। बुजुर्गों के लिए 5 लाख रुपये का इलाज अलग से मुफ्त होगा।

अंबाला में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी है। हरियाणा के दलित भाई 2005 का गोहाना कांड और 2010 का मिर्चपुर कांड नहीं भूले हैं। एक पत्रकार ने बहन शैलजा जी से पूछा कि हुड्डा जी के विधानसभा में प्रचार करने जाएंगी तो शैलजा जी ने कहा कि मैं जाना तो चाहती हूँ लेकिन वे बुलाएंगे नहीं। आज भी हुड्डा जी की मानसिकता है कि दलित बहन को प्रचार करने बुलाएंगे तो चुनाव हार जाएंगे।** भारतीय जनता पार्टी ने मुलाना विधान सभा में दलित बहन को टिकट दिया है। आप उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं। **कांग्रेस पार्टी पूरे हरियाणा का विकास नहीं करती है, केवल कुछ जिलों का विकास करती है। कांग्रेस हरियाणा के इस बेल्ट के साथ हमेशा अन्याय करती है।** हरियाणा में भाजपा की सरकार आने पर अंबाला में एकीकृत टेक्सटाइल पार्क और रेडीमेट कपड़ा उद्योग केंद्र बनाए जायेंगे। शहजादपुर चीनी मिल की पुनर्स्थापना की जायेगी। हवाई अड्डे का तेजी से विकास करेंगे। सिविल अस्पताल में आईसीयू लगायेंगे। आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर अंबाला में औद्योगिक शहर बनायेंगे। 25 लाख रुपये तक के लोन पर उद्यमियों के लिए हरियाणा सरकार उनका गारेंटर बनेगी।

लाडवा में जनसभा को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि **एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें कांग्रेस के एक विधायक कहते हैं कि जीत कर पहले मैं अपना पक्का घर बनाउंगा, बाद में साथियों का घर**

**बनाऊंगा, फिर साथियों को नौकरी देंगे। यदि जीत कर विधायक अपना घर बनाएंगे तो लाडवा वालों, आपका घर कौन बनाएगा और नौकरी कौन देगा?** कांग्रेस पार्टी गरीबों को घर और नौकरी नहीं दे सकती है। भारतीय जनता पार्टी ही गरीबों को पक्का मकान दे सकती है और युवाओं को नौकरी दे सकती है। हमारी सरकार ने पिपली में एक संग्राहलय बनाने का निर्णय लिया है। पेहोवा से कुरुक्षेत्र तक सड़क बनायी। 1200 करोड़ रुपये की लागत से यमुना नगर रेल लाइन बनाने का काम शुरू हुआ। 250 करोड़ रुपये की लागत से कुरुक्षेत्र म्यूजियम बन रहा है। कृष्णा सर्किट में कुरुक्षेत्र को शामिल किया गया। 138 नए राशन डिपो बनाए गए। 27 करोड़ रुपये की लागत से लाडवा-कुरुक्षेत्र-पेहोवा स्टेट हाईवे बनाया। 99 करोड़ रुपये की लागत से शाहाबाद सरकारी चीनी मिल में इथेनॉल का प्लांट लगाया गया। पिपली में गुरु रविदास स्माकर बनाया। भाजपा का संकल्प है कि लाडवा में सूरजमुखी मिल स्थापित करेंगे। ज्योतिसर में महाभारत थीम पर आधारित अध्यात्मिक केंद्र बनाएंगे। लाडवा में ही विश्वकर्मा महाविद्यालय खोलेंगे। हर गांव में महिला चौपाल लगाएंगे। वरिष्ठ नागरिकों के लिए सेवा केंद्र खोलेंगे। आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर लाडवा में औद्योगिक शहर बनाएंगे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने भाजपा के वादा दोहराते हुए कहा कि हरियाणा में 5 लाख युवाओं को नौकरी देंगे। एप्रेंटीस को स्टाइपंड देंगे। गरीबों के लिए 5 लाख पक्के मकान बनाएंगे। सभी सरकारी अस्पतालों में डायलेसिस मुफ्त की जाएगी। सभी माताओं को 500 रुपये में गैस सिलिंडर देंगे। 36 बिरादरियों के विकास के लिए अलग अलग कल्याण बोर्ड बनाएंगे। दक्षिण अरावली में सफारी पार्क बनाकर पर्यटन का विकास करेंगे। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी जी छः महीने से भी कम समय से मुख्यमंत्री हैं लेकिन उन्होंने वो काम करके दिखा दिया जो कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारें 10 सालों में भी नहीं कर पाई। छः महीने में गरीबों को मुफ्त यात्रा कारे, बिना खर्ची और पर्ची के भर्ती की परक्रिया शुरू की और 15 अगस्त 2024 तक लगभग 16,000 नौकरियां दी। हमारे मुख्यमंत्री ने 100 करोड़ रुपये की लागत से एससी, एसटी और ओबीसी समाज की सभी धर्मशालाओं को नया बनवाया। 7 हजार दलित परिवारों को सौ-सौ गज के प्लॉट दिए। बारिश ज्यादा होने की वजह से बर्बाद फसलों के लिए लगभग 49 हजार किसानों को 134 करोड़ रुपये मुवाअजा दिए गए। क्रीमी लेयर को 6 लाख से बढ़ा कर 8 लाख रुपये कर दिया गया है उसमें कृषि आय को समाप्त करके ओबीसी समाज को सबसे बड़ी सहायता पहुंचायी है। हमारी हरियाणा सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों के पेंशन को 40 हजार रुपये कर दिया।

श्री शाह ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री किडनी एवं लीवर ट्रांसप्लांट के लिए श्री सैनी जी अतिक्ति 3 लाख रुपये देते हैं। नायब सिंह सैनी जी ने पिंजौर में एशिया की सबसे बड़ी फल-सब्जी मंडी बनायी। **राहुल गांधी की पार्टी की कर्नाटक और तेलंगाना में सरकार है और केजरीवाल जी की पार्टी की पंजाब है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार धान और गेहूं खरीद रही है तो आपकी राज्य सरकारें क्या खरीदती है? न मक्का खरीद रही है न बाजरा खरीद रही है न ही रागी खरीद रही है।** श्री सैनी ने बारहवीं पास युवाओं का भत्ता 900 रुपये से बढ़ाकर 1200 रुपये कर दिया। स्नातक का भत्ता 1500 रुपये से बढ़ा कर 2,000 रुपये कर दिया। डबल स्नातक भत्ता 3,000 रुपये से बढ़ा कर 3,500 रुपये कर दिया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हरियाणा का प्रति व्यक्ति जीएसटी कलेक्शन में देश भर में नंबर वन है। देश की अर्थव्यवस्था में प्रति व्यक्ति योगदान सबसे ज्यादा हरियाणा की है। देश के अनाज भंडार भरने में हरियाणा का स्थान दूसरा है। दुग्ध उत्पादन में हरियाणा देश में तीसरे स्थान पर है। गुरुग्राम में 400 फार्च्यून कंपनियों के कार्यालय हैं। हमें हरियाणा में विकास की गति और तेज करनी है, इसलिए लिए आप फिर से एक बार हरियाणा में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन वाली भाजपा सरकार बनाएं।

********************